# नालन्दा समाहरणालय, बिहारशरीफ

(उप विकास आयुक्त, नालन्दा गोपनीय शाखा )

संचिका संख्या ....................../ पत्रांक ........................./गो0 दिनांक ................../2026

**आदेश**

मुख्य सचिव, बिहार का पत्रांक–87, दिनांक–31.07.2026 (युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, छात्र एवं युवा कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना) के द्वारा प्राप्त सूचनानुसार भारत के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा My Bharat के तत्वाधान में युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी सकिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु **"नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत–संकल्प अभियान"** का शुभारंभ दिनांक–02 अगस्त, 2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। अभियान के अंतर्गत देशभर में व्यापक जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं।

अतः मुख्य सचिव, बिहार का पत्रांक–87, दिनांक–31.07.2026 के आलोक में उक्त संबंध में निम्नांकित निर्देश दिये जाते हैं :–

1. **जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालन्दा एवं जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, नालन्दा** को निदेश दिया जाता है कि जिला स्तर पर चिन्हित सभी स्थानों (सूची संलग्न) पर संबंधित संस्थान के प्रधान से समन्वय स्थापित कर NIC लिंक से माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यकम का प्रसारण की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे तथा अधिकतम जन भागीदारी कराना सुनिश्चित करेंगे।
2. **जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, नालंदा, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, नालंदा, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका** को निदेश दिया जाता है कि विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, आई0टी0आई0, पॉलिटेक्निक संस्थानों, कौशल विकास संस्थानों को इस अभियान से जोड़ते हुये व्यापक जन जागरूकता कार्यकम आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. **प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, नालन्दा** को निदेश दिया जाता है कि नेहरू युवा केन्द्र, NSS, NCC, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ते हुए व्यापक जन जागरूकता कार्यकम आयोजित किये जाएँ।
4. **जिला युवा पदाधिकारी, नालंदा** को निदेश दिया जाता है कि युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाने, स्वस्थ्य, अनुशासित एवं राष्ट निर्माण उन्मुख जीवनशैली अपनाने हेतु चिन्हित स्थल आशुतोष एजुकेशनल इन्स्टीच्यूट में कम से 250 की संख्या में युवाओं को आमंत्रित करते हुए उपस्थिति सुनिश्चित कराना एवं स्थल पर बैठने एवं माननीय प्रधानमंत्री जी का लाईव कार्यकम देखने की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।
5. **जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा** को निदेश दिया जाता है कि संलग्न सूची के अतिरिक्त जिले के अन्य महाविद्यालय को भी चिन्हित कर इस कार्यकम का आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे।
6. **जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, नालंदा** सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया, समाचार पत्र के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे।
7. **उप नगर आयुक्त, नगर निगम, सभी कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी** अपने माध्यमों का उपयोग करते हुए इसका व्यापक प्रचार–प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. **जिला युवा पदाधिकारी एवं जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, नालंदा** को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–02.08.2026 को आयोजित कार्यकम्र में Virtual रूप से जुड़ कर नशामुक्ति संबंधी शपथ

कार्यक्रम में भाग लेने एवं उन्हें ऑन लाईन शपथ लेने हेतु My Bharat Portal पर पंजीकृत करते हुए ऑन लाईन शपथ दिलाना सुनिश्चित करेंगे।

9. मुख्य सचिव, बिहार का पत्रांक–87, दिनांक–31.07.2026 के आलोक में नालन्दा जिलान्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मेरा युवा भारत संस्था के द्वारा 08 महाविद्यालयों को चिन्हित करते हुये जिला युवा पदाधिकारी नामित करते हुये बिन्दुवार निदेशों का अनुपालन करने का निदेश प्राप्त है के आलोक में नालन्दा जिलान्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मेरा युवा भारत संस्था के द्वारा चिन्हित महाविद्यालयों में विद्यालयवार शांतिपूर्ण ढ़ंग से कार्यकम सम्पन्न कराने हेतु निम्नांकित पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है:

| कॉलेज का नाम | प्राचार्य का नाम व मो0 नं0 | दंडाधिकारी का पदनाम मो0 नं0 सहित | पुलिस पदाधिकारी का नाम व मो0 नं0 सहित |
|---|---|---|---|
| GOVT Degree college Rajgir | डॉ0 मोसरत जहॉ मो0 8789224197 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, राजगीर मो0–9031071684 | थानाध्यक्ष, राजगीर |
| किसान कॉलेज सोहसराय | प्रो0 दिनांशु कुमार मो0 9431486902 | अंचलाधिकारी, बिहारशरीफ मो0 9031671869 | थानाध्यक्ष, सोहसराय |
| नालन्दा कॉलेज, नालन्दा | प्रो0 सुनिता सिन्हा मो0 9934917117 | प्रखण्ड विकास पदा0, बिहारशरीफ मो0–9031071669 | थानाध्यक्ष, बिहार थाना |
| एस0पी0एम0 कॉलेज, उदन्तपुरी | डॉ0 महेश प्रसाद सिंह मो0 7061130025 | प्रखण्ड पंचायत राज पदा0, बिहारशरीफ मो0–7987035504 | थानाध्यक्ष, लहेरी |
| आर0पी0एस0 कॉलेज, हरनौत | डॉ उपेन्द्र कुमार सिन्हा मो0 9973119505 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, हरनौत मो0–9031071675 | थानाध्यक्ष, हरनौत |
| महाबोधि महाविद्यालय, नालन्दा | डॉ अरविन्द कुमार मो0 9835624296 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिलाव मो0–9031071686 | थानाध्यक्ष, नालन्दा |
| वर्द्धमान महावीर कॉलेज, पावापुरी | शैलेन्द्र कुमार सिंह मो0 9334335868 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरियक मो0–9031071674 | थानाध्यक्ष, पावापुरी |
| नालन्दा महिला कॉलेज, नालन्दा | प्रो0 डॉ0 जितेन्द्र रजक मो0 9801498108 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रहुई मो0–9031071683 | थानाध्यक्ष, दीपनगर |

उपरोक्त प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे अपने–अपने सम्बद्ध महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/प्राचार्य से समन्वय स्थापित शांतिपूर्ण ढंग से कार्यकम कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्राप्त सूचनानुसार **''नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत–संकल्प अभियान''** कार्यक्रम में राज्य स्तरीय/जिलास्तरीय गणमान्य व्यक्तियों के भाग लेने का कार्यकम संभावित है। अनुमण्डल पदाधिकारी, बिहारशरीफ/राजगीर तथा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बिहारशरीफ, राजगीर एवं हिलसा को निदेशित किया जाता है कि अपने–अपने अधीनस्थ प्रखण्डों के महाविद्यालयों में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा–निदेश देना सुनिशिचित करेंगे साथ ही अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी उक्त महाविद्यालयों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल (महिला बल सहित) की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

# नालन्दा समाहरणालय, बिहारशरीफ

(उप विकास आयुक्त, नालन्दा गोपनीय शाखा )

दिनांक ...................../2026

संचिका संख्या ......................./ पत्रांक ........................../गो0

10. नालन्दा कॉलेज, नालन्दा में वेबकास्टिंग के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम आयोजित है। **जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, नालन्दा मो0–7587165655** को निदेशित किया जाता है कि कार्यक्रम से पूर्व सभी प्रकार के टेस्टिंग कर लेंगे ताकि कार्यक्रम निर्वाध रूप से संचालित हो। साथ ही कार्यक्रम समाप्ति तक अपने स्तर से तकनीकी कर्मी/आई0टी0 सहायक की प्रतिनियुक्ति करेंगे।
11. नजारत उप समाहर्त्ता, नालन्दा को निदेश दिया जाता है कि प्राचार्य, नालन्दा कॉलेज, नालन्दा एवं जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, नालन्दा से समन्वय स्थापित कर सभी प्रकार की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे।
12. नालन्दा कॉलेज, नालन्दा में वेबकास्टिंग के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम आयोजित है। प्राचार्य, नालन्दा कॉलेज नालन्दा को निदेशित किया जाता है कि **''नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत–संकल्प अभियान''** कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारी करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही इस कार्य हेतु अपने स्तर से कार्यक्रम समापन तक अपने स्तर से अधीनस्थ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।
13. **श्रीमती दीक्षा मिश्रा, जिला युवा पदाधिकारी, नालंदा** को सम्पूर्ण कार्यक्रम एवं प्रत्येक रविवार को होने वाले इस कार्यक्रम हेतु **नोडल पदाधिकारी** नामित करते हुए निदेश दिया जाता है कि सभी संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का सफल संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुलग्नक :– यथोपरि।**

**ह0/–**
**उप विकास आयुक्त,,**
**नालन्दा।**

**ज्ञापांक** 601 **/गो0, बिहारशरीफ, दिनांक** 01/08/**2026**

**प्रतिलिपि:–** सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नालंदा जिला/सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नालदा जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** नजारत उप समाहर्त्ता, नालन्दा/जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, नालंदा/जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, नालंदा/जिला खेल पदाधिकारी, नालंदा/जिला नियोजन पदाधिकारी, नालंदा/प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, नालन्दा/जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** नगर आयुक्त, नगर निगम, बिहारशरीफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** पुलिस अधीक्षक, नालन्दा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** जिला पदाधिकारी, नालन्दा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

01/8/26

**उप विकास आयुक्त,**
**नालन्दा।**